UPBS120001372023

**न्यायालय CIVIL JUDGE (J.D. KLD. at BASTI), Basti**

पीठासीन अधिकारी– (DIKSHA AGARWAL), (उ०प्र० न्यायिक सेवा)– UP03335

मूलवाद सं० 102/2023

प्रदीप कुमार सिंह बनाम सरकार उ० प्र० आदि

**02.03.2023**

पत्रावली पेश हुई। प्रार्थना पत्र 6 ग 2 पर वादी अधिवक्ता को एकपक्षीय रूप से सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया।

पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि वादीगण द्वारा विवादित गाटा सं० 282 प्रदर्शित नक्शा नजरी वादपत्र अ, ब, स, द के संबंध में अस्थायी निषेधाज्ञा की याचना की गयी है। वादीगण द्वारा अपने अभिकथन के समर्थन में सबूत सूची 10 ग 1 द्वारा छायाप्रति खतौनी कागज सं० 11 ग 1, नकल खसरा कागज सं० 12 ग 1 दाखिल किया गया है। प्रतिवादी सरकार है। अतः ऐसी स्थिति में बिना प्रतिवादीगण को सुने एकपक्षीय आदेश पारित किया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है।

**आदेश**

प्रतिवादीगण को नोटिस जारी हो। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र 6 ग 2 दिनांक–16.03.2023 को पेश हो।

सिविल जज (जू०डि०),
खलीलाबाद स्थान–बस्ती।

**निस्तारण प्रार्थना पत्र 8 ग 2**

वादी द्वारा प्रार्थना पत्र कागज सं० 8 ग 2 प्रतिवादीगण पर नोटिस का तामीला जरिए विशेष वाहक कराये जाने की याचना के साथ प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है। वादी पैरवी अन्दर तीन दिवस करे।

सिविल जज (जू०डि०)
खलीलाबाद स्थान– बस्ती।

Digitally signed by DIKSHA AGARWAL
Date: 2023.03.02 17:15:35 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court